on the merit basis must pass in all the 4 papers set up in the competitive entrance examination.

(c) The Punjab Government did recommend 3 names for the Sub-Officers Course which commenced on 2-7-1990, but the college could not admit any of them as their applications reached late on 5-7-1990.

औरंगाबाद जिले में वाकूत में छ सौ लाइन की क्षमता के स्ट्रेजर एक्सचेंज (केन्द्र) की मंजूरी

2467. **डा० बापू कालदाते :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वाकूज (जिला औरंगाबाद, महाराष्ट्र) के लिए छः सौ टेलीफोन लाइनों की क्षमता वाले एक स्ट्रोजर एक्सचेंज को मंजूरी प्रदान की गई थी, और एक्सचेंज के लिए आवश्यक सामग्री, वाकूज में भेज दी गई थी, जो एक औद्योगिक क्षेत्र और जहां एक हजार से अधिक औद्योगिक प्रतिष्ठान हैं किन्तु टेलीफोन कनेक्शनों की संख्या केवल 90 है ;

(ख) यदि हां, तो इस एक्सचेंज को कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है और यह कब से काम करने लगेगा ; और

(ग) क्या औरंगाबाद शहर के लिए भी नौ सौ लाइनों की क्षमता वाले एक स्ट्रोजर एक्सचेंज को मंजूरी प्रदान की गई है

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र) : (क) जी, नहीं। महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में वाकूज नाम का कोई एक्सचेंज नहीं है। तथापि वहां पर वालुज नाम का एक केन्द्र है जहां 90 लाइनों का एक छोटा आटोमैटिक एक्सचेंज काम कर रहा है। वालुज के लिए 700 लाइनों के स्ट्रोजर एक्सचेंज की योजना बनाई गई थी ; लेकिन उपस्कर की सप्लाई में विलंब होने के कारण वालुज में संस्थापनों के लिए 600 लाइनों का इलेक्ट्रानिक एक्सचेंज डायवर्ट कर दिया गया है।

(ख) वालुज में अक्तूबर, 1990 तक एक्सचेंज को चालू करने की योजना है

(ग) मौजूदा 6000 लाइनों के स्ट्रोजर एक्सचेंज का 90-91 में 900 लाइनों से विस्तार करने की योजना है।

जम्मू में जम्मू और कश्मीर सरकार के कर्मचारी

2468. **डा० बापू कालदाते :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जम्मू और कश्मीर सरकार के उन कर्मचारियों की संख्या कितनी है जो 1 जून, 1990 से 15 जुलाई, 1990 के दौरान, श्रीनगर वापिस न आकर जम्मू में ही रह गए थे ; और

(ख) क्या राज्य सरकार ने उन्हें श्रीनगर में ड्यूटी पर आने के लिए कहा था ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोधकान्त सहाय) : (क) और (ख) राज्य सरकार से सूचना की प्रतीक्षा की जा रही है।

Relaxing Visa Regulations for Portugal Nationals of Indian Origin

2469. SHRI MURLIDHAR CHANDRAKANT BHANDARE:
SHRI MAHENDRA PRASAD:

Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government have acceded to the request of the Federation of Export organisations to relax visa regulations /for Portuguese